King George's Medical University, U.P, Lucknow.
Ph. 05222258428

Ref. No. 535/EE(E/M)/24 Dated : - 19.06.2024

**E-Tender/Short Tender Notice**

Sealed tenders under two bid system are hereby invited from the "A" class licensed registered electrical contractors/experience contractors of Electric department KGMU Lucknow for the execution of **Providing of Light point, Fan Point, Plug Point, Power Point etc. 48 awas(2BHK Flat) at Amarpali awas yojna, Basant Kunj, Hardoi road, Lucknow.** The details of offline tender document can be viewed at university website www.kgmu.org & online tender at www.etender.up.nic.in.

**Executive Engineer(Electrical/Mechanical)**

Tender Document For works Providing of Light point, Fan Point, Plug Point, Power Point etc. 48 awas(2BHK Flat) at Amarpali awas yojna, Basant Kunj, Hardoi road, Lucknow.

| | | | |
|---|---|---|---|
| Publishing Date | : | 20.06.2024 | 06.00PM |
| Document Download/sale start date | : | 21.06.2024 | 05.30PM |
| Clarification Start date | : | 22.06.2024 | 04.00PM |
| Clarification End date | : | 24.06.2024 | 02.00 PM |
| Pre-Bid date | : | 25.06.2024 | 02.00PM |
| Per-Bid meeting place & address | : | Executive Engineer Room | |
| Bid Submission Start date | : | 28.06.2024 | 02.00PM |
| Last Date of Bid Submission | : | 02.07.2024 | 12.00PM |
| Date of Opening Technical Bid | : | 02.07.2024 | 02.00PM |

Tender fee: Rs. 3210 with GST

Earnest Money in the shape of FDR @2% of the cost of Tender.

i.e. Rs =42800.00(Fourty Two thousand Eight Hundred Only)

Tender documents may be downloaded from web site:-http://e-tender:up.nic.in

# ई–निविदा की चेकलिस्ट

| क्रम सं0 | विवरण | पेज नं0 | |
|---|---|---|---|
| | टेक्निकल बिड लिफाफे के अन्दर रखे जाने वाले प्रपत्र | कहाँ से | कहाँ तक |
| 1. | निविदा के नियम एवं शर्तें संलग्नक 'क' निविदादाता के हस्ताक्षर सहित। | | |
| 2. | निविदा फीस राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा (बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक) मूलरूप में रू0 .......... दिनॉक ...................ड्राफ्ट नं0 ........................ बैंक का नाम ...................................... | | |
| 3. | राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदा धरोहर राशि (EMD) (मूलरूप में) रू0 .................... दिनॉक .... ............ ड्राफ्ट नं0 ........................ बैंक का नाम ........................................ | | |
| 4. | निविदादाता का नाम एवं पते सम्बन्धित नवीनतम प्रमाणीकरण अभिलेख (मतदाता पहचान पत्र या आधार कार्ड अथवा विद्युत बिल की स्वः प्रमाणित छायाप्रति) | | |
| 5. | PAN कार्ड की स्वः प्रमाणित छायाप्रति | | |
| 6. | विद्युत कार्य हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय द्वारा जारी 'ए' क्लास इलेक्ट्रिकल लाइसेन्स की स्वः प्रमाणित छायाप्रति | | |
| 7. | विगत तीन वर्षों के आयकर रिर्टन की स्वःप्रमाणित छायाप्रतियॉ। | | |
| 8. | चार्टर्ड. एकाउन्टेंट द्वारा जारी विगत वर्ष का टर्न ओवर प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 9. | किसी सरकारी चिकित्सा संस्थान/चिकित्सा विष्वविद्यालय में सफलता पूर्वक सम्बन्धित कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 10. | डी0एम0 द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 11. | डी0एम0 द्वारा जारी हैसियत प्रमाण पत्र/राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी 05 लाख की हैसियत प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति | | |
| 12. | जी0एस0टी0 की प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति। | | |
| 13. | निविदाता द्वारा लैटर पैड पर संलग्नक 'ख' के अनुरूप घोषणा पत्र | | |
| 14. | निविदादाता द्वारा रू0 100.00 के जनरल स्टाम्प पेपर पर संलग्नक 'ग' के अनुरूप शपथ पत्र | | |

नोटः– उपरोक्त में से किसी भी अभिलेख के न होने पर टेक्निकल बिड निरस्त की जा सकती है।

निविदादाता के हस्ताक्षर
नाम एवं पद सहित मुहर

## निविदा नियम एवं शर्ते

1. निविदादाता को अपनी निविदा प्रपत्र के साथ आयकर का पैन नम्बर/जी0एस0टी0 नं0 तथा गत तीन वर्ष के आयकर रिर्टन की स्वः प्रमाणित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगे तथा मूल प्रमाण पत्र तकनीकी निविदा खोलने के समय प्रस्तुत करेंगे।
2. फर्म का न्यूनतम वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रूपये विगत वर्ष का होना चाहिए। चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट द्वारा जारी विगत वर्ष का टर्न ओवर प्रमाण पत्र की स्वः प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा प्रपत्र/फार्म चि0वि0वि0 की बेवसाइड http//etender.up.nic.in & www.kgmcindia.edu & www.KGMU.org. से **दिनॉक** 20.06.2024 को शाम 06:00 **बजे** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
4. निविदा के साथ संलग्न सभी प्रपत्र/अभिलेख/डी0डी0/एफ0डी0आर0 (टेक्निकल विड) की समस्त वांछित मूल प्रतियॉं विद्युत विभाग कार्यालय, के0जी0एम0यू0 में **दिनॉक** 02.07.2024 **दोपहर** 12:00 **बजे** तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से निविदा बाक्स में जमा कराना अनिवार्य होगा। डाक में हुई देरी के लिए सम्बन्धित विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।
5. फर्म/निविदादाताओं द्वारा सीलबन्द निविदा प्रपत्र **दिनॉक** 02.07.2024 को **दोपहर** 12:00 **बजे** तक ही विद्युत कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाली जायेगी। जिनको उसी दिन **अपरान्ह** 2:00 **बजे** निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।
6. यदि तकनीकी लिफाफे में (तकनीकी विड़) निर्धारित प्रपत्र नहीं उपलब्ध होगें, तो उक्त निविदादाता के वित्तीय लिफाफे में (फाइनेनसियल विड़) को नहीं खोला जायेगा तथा उसे निरस्त कर दी जायेगी।
7. मूल निविदा से भिन्न निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. निविदा में दर्शाये गये कार्यों की मात्रा/लागत कम या अधिक भी हो सकती है जिसे सफल निविदादाता द्वारा स्वीकृत निविदा दर/दरों के आधार पर संस्था हित में कार्य को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
9. कार्य आदेश के अनुसार कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना अनिवार्य होगा अन्यथा रू0 500/— प्रतिदिन की दर से पेनाल्टी चार्ज की जायेगी स्वीकृत निविदादाता फर्म के बीजक से कटौती कर ली जायेगी।
10. जिस मेक व मॉडल के बिजली की सामग्री अथवा उपकरण लगाने हेतु फर्म को कार्यादेश दिये जायेंगे उसी मेक व मॉडल की सामग्री फर्म द्वारा लगाया जायेगा। बाजार में सामान न उपलब्ध होने पर उसी के समकक्ष ISI मानक की सामग्री लगायी जायेगी। जिसके लिए विद्युत अभियन्ता की सहमति आवश्यक होगी।
11. चि0वि0वि0 से विद्युत उपकरणों/संयन्त्रों आदि को मरम्मत हेतु ले जाने व वापस लाने का ढुलाई भाड़ा, लेबर चार्ज आदि निविदादाता को स्वयं वहन करना होगा जिसका चि0वि0वि0 द्वारा अलग से कोई भुगतान नहीं किया जायेगा। मरम्मत हेतु सभी उपकरण विद्युत अभियन्ता द्वारा जारी गेट पास पर ही परिसर से बाहर ले जाया जायेगा।
12. फर्म को कार्यादेश मा0 कुलपति जी के अनुमोदनोपरान्त विद्युत विभाग द्वारा जारी किया जायेगा जिसका बीजक फर्म द्वारा तीन प्रतियों में विद्युत विभाग में प्रस्तुत किया जायेगा जिसका भुगतान नियमानुसार सत्यापन एवं मेजरमेंट के उपरान्त उच्चाधिकारियों की स्वीकृत लेकर की जायेगी।
13. ऐसे निविदाता जो पूर्व में किसी भी संस्था के कार्य में काली सूची में दर्ज होगें उनके द्वारा निविदा में प्रतिभाग करने पर उनकी निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
14. भुगतान के विलम्ब की दशा में कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।
15. **अर्थदण्ड का प्राविधान :—**
    - सफल निविदादाता द्वारा यदि कार्य में लापरवाही बरतता है या ठीक ढंग से कार्य नहीं करता है, अनुबन्ध की शर्तों का उल्लंघन करने, निर्धारित अवधि के भीतर आपूर्ति करने में असमर्थ रहने एवं आदेशों एवं निर्देशों का अनुपालन न करने, घटिया सामग्री का उपयोग करने की दशा में विद्युत अभियन्ता की संस्तुति पर अनुबन्धित फर्म को ब्लैक लिस्ट/दर अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा और उसके द्वारा जमा की गई जमानत राशि को जब्त कर लिया जायेगा।
    - यदि निविदादाता आम्पूर्ति आदेश में निर्धारित समय सीमा के भीतर उक्त कार्य को नहीं कर पाता है तो चिकित्सालय की आवश्यकता को दृष्टिगत करते हुए उक्त कार्य/सामग्री को अन्य फर्म द्वारा करा लिया जायेगा और मूल्य के अन्तर को निविदादाता के बकाया बिलों अथवा जमानत राशि से वसूल कर लिया जायेगा।
16. **विवादों का निपटाराः—** अनुबन्ध से सम्बन्धित किसी भी विवाद पर कुलपति, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ का निर्णय दोमों पक्षों को मान्य होगा।
17. लगाये गये नये उपकरण संयन्त्रों की गारन्टी कार्य पूर्ण होने की तिथि से 1 वर्ष तक मान्य होगी।
18. **न्यायालय का क्षेत्राधिकार :—** इस अनुबन्ध से सम्बन्धित कोई भी वाद लखनऊ न्यायालय के क्षेत्राधिकार में ही दायर किया जा सकेगा।

19. **अधिकार सुरक्षित :–** मा0 कुलपति जी के पास बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

20. **शपथ पत्र :–** 100/– रू0 के जनरल स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र में संलग्नक 'ग' घोषणा करनी होगी।

21. वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा फार्म तथा कार्यालय में उपलब्ध निविदा फार्म में यदि कोई भिन्नता प्राप्त होती है, तो कार्यालय में उपलब्ध निविदा फार्म (नियम एवं शर्तें) विधिक रूप से मान्य होगी।

22. निविदादाता, निविदा में अथवा निविदा के साथ अपनी कोई शर्तें या विशिष्टता नहीं जोड़ेगा। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदादाता को निविदा के नियमों एवं शर्तों को मान्य करना होगा।

23. निविदा के नियमों एवं शर्तों के अनुरूप निविदा न होने की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

24. निविदा प्रपत्र शुल्क हेतु **"बैंक ड्राफ्ट"** जो वित्त अधिकारी, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ को देय होगा तथा धरोहर राशि हेतु एफ0डी0आर0 जो वित्त अधिकारी, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय उ0प्र0, लखनऊ के पक्ष में बंधक होगी की स्कैन प्रतियाँ पी0डी0एफ0 फाइल (pdf file) में ऑनलाइन निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी। अन्यथा कमेटी द्वारा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

25. ई–टेण्डरिंग के समय ठेकेदारों/अधिकृत फर्मों को विद्युत कार्यों हेतु विद्युत सुरक्षा निदेशालय से जारी 'ए' क्लास का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र, पते का प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड व आधार कार्ड तथा गत 03 वर्ष की आई0टी0आर0 की स्कैन प्रति संलग्न करनी होगी।

26. विद्युत विभाग, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ में पंजीकृत फर्म/निविदादाता व संस्था के विद्युत विभाग में कार्यरत अनुभवी पात्र फर्मों द्वारा डाली जाने वाली ई–निविदा के समस्त प्रपत्रों पर डिजिटल हस्ताक्षर अनिवार्य होगा।

27. प्रत्येक निविदादाता द्वारा रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र ऑनलाइन स्कैन करते हुए निविदा में लगाया जायेगा।

28. सफल निविदादाता/ठेकेदार को ठेका दिये जाने के पश्चात् कभी भी यह संज्ञान में आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यों एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

29. ऑनलाइन निविदा के साथ संलग्न सभी प्रपत्र/अभिलेख/डी0डी0/एफ0डी0आर0 (टेक्निकल बिड) की समस्त वांछित मूल प्रतियाँ विद्युत विभाग कार्यालय, के0जी0एम0यू0 में **दिनाँक 02.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक** पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से निविदा बाक्स में जमा कराना अनिवार्य होगा। डाक में हुई देरी के लिए सम्बन्धित विभाग किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

30. समस्त दरों में जी0एस0टी0 को छोड़कर सभी प्रकार के कर, रायल्टी व लाभांश सम्मिलित हैं। जी0एस0टी0 नियमानुसार अलग से देय होगा।

31. इस निविदा हेतु के0जी0एम0यू0 के विद्युत विभाग में पंजीकृत, अनुभव रखने वाले अथवा ऐसे निविदादाता जिनके पास एक हजार क्षमता बेड के अस्पताल में पिछले तीन वर्षों में समान प्रकृति के कार्य करने का अनुभव, जिसकी लागत इस निविदा की लागत के 1/3 से अधिक का एक कार्य का अनुभव रखते हो, निविदा के पात्र होगें।

32. कार्य का विवरण व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में विद्युत विभाग, के0जी0एम0यू0 उ0प्र0, लखनऊ से की जा सकती है।

33. **<u>निविदा फीस</u> :–** निविदादाता द्वारा निविदा फार्म जमा करना होगा जिसकी निविदा/टेण्डर फीस + GST अतिरिक्त (Non Refundable) **'वित्त अधिकारी, के.जी.एम.यू. यू.पी., लखनऊ'** के पक्ष में देय होगा। निविदा फीस संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त कर दी जायेगी। केवल राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी निविदा फीस की डी0डी0 निविदा फीस के रूप में मान्य होगी।

34. **<u>धरोहर राशि (अर्नेस्टमनी)</u> :–**

- **जमा :–** निविदादाता द्वारा निविदा फार्म के साथ दी जाने वाली निविदा की धरोहर राशि (EMD) की सावधि जमा रसीद (FDR) मूलरूप में (राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी फिक्स डिपाजिट रसीद के रूप में गारन्टी हेतु जिसकी अवधि निविदा तिथि से न्यूनतम एक वर्ष हो) ही मान्य होगी जो **'वित्त अधिकारी, के.जी.एम.यू.उ.प्र., लखनऊ'** के पक्ष में देय होगी। उक्त का पलन न किये जाने की दशा में निविदा को निरस्त कर दिया जायेगा।
- **वापसी :–** निविदा पर अन्तिम निर्णय होने के उपरान्त असफल निविदादाता अपनी धरोहर राशि वापस ले सकता है।

| कम सं0 | विवरण | धरोहर राशि रू0 में | निविदा फीस रू0 में |
|---|---|---|---|
| A. | **Providing of Light point, Fan Point, Plug Point, Power Point etc. 48 awas(2BHK Flat) at Amarpali awas yojna, Basant Kunj, Hardoi road, Lucknow.** | 42,800.00 | 3210/- with GST |

(निविदादाता द्वारा अपने लेटर पैड पर निम्नवत् घोषणा प्रस्तुत करेगा)

## घोषणा पत्र

मैंने/हमने निविदा की उपरोक्त सभी नियम एवं शर्तों को भली– भॉति पढ़कर समझ लिया है, जो कि मुझे/हमें स्वीकार है। मैं/हम सहमति देता हूँ/देते हैं कि यदि निविदा प्रपत्रों में किसी भी समय कोई गलत प्रपत्र, त्रुटि या गलत सूचना पायी जाती है तो मेरा/हमरा अनुबन्ध सामाप्त कर दिया जाये एवं मेरी धरोहर राशि को जब्त कर ली जाए तथा चिकित्सालय/विश्वविद्यालय प्रशासन को अनुबन्ध की अवधि में देयकों के सापेक्ष भुगतान की गयी धनराशि पंर ब्याज सहित वसूली के साथ अन्य वैधानिक कार्यवाही का अधिकार होगा।

निविदादाता/निविदादाताओं के हस्ताक्षर एवं मुहर ..............................

निविदादाता का स्व प्रमाणित फोटो

पूरा नाम ..............................................................................................

पूरा पता ..............................................................................................

मोबाइल नं0 ........................................................................................

फोन नं0 ..............................................................................................

फैक्स नं0 ............................................................................................

**निविदा फीस का विवरणः–**

ड्राफ्ट/बैंकर चेक रसीद सं0 ........................................................................ दिनॉक ..............

जरी करने वाले बैंक का नाम ...................................................................................................

**धरोहर राशि का विवरणः–**

फिक्स डिपाजिट रसीद सं0 .........................................................................दिनॉक ........................

जरी करने वाले बैंक का नाम ...................................................................................................

(निविदादाता द्वारा रू0 100.00 के जनरल स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र में निम्नवत् घोषणा प्रस्तुत करेगा)

## शपथ पत्र

यह कि मैं/हम ........................................................ पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ........................................... ........................................... (फर्म का नाम) ........................................................................ स्वामी/पार्टनर हूँ। मेरी फर्म का पता ........................................................................................................... ............................................................................................................................................ ................................ है।

1. मैं/हम अपराधिक एवं संदिग्ध चरित्र का/के नहीं है।
2. मेरी/हमारी फर्म किसी शासकीय/स्वायत्तशासी संस्था द्वारा दंडित नहीं की गयी है एवं काली सूची में नहीं डाली गयी है।
3. मेरी/हमारी फर्म के विरूद्व कोई भी वाद मा0 न्यायालय में विचाराधीन नहीं है तथा मा0 न्यायालय द्वारा कभी भी दंडित नहीं किया गया है।
4. मेरी/हमारी फर्म का विगत वर्ष का व्यापार कर एवं आयकर जमा कर दिया गया है तथा मेरी/हमारी फर्म के विरूद्व कोई कर बकाया नहीं है।
5. मेरा/हमारा कोई भी अपराधिक मामला मा0 न्यायालय में विचाराधीन नहीं है तथा मुझे/हमें मा0 न्यायालय द्वारा किसी अपराधिक मामले में दंडित नहीं किया गया है।
6. मैं पेशे से सरकारी कर्मचारी/वकील/स्टेट बार काउंसिल का सदस्य/राज्य/राष्ट्रीय पार्टी का सदस्य नहीं हूँ।
7. यह कि मैं/हम कालाबाजारी, माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नहीं हूँ/है। यदि ऐसा होना पाया जाता है तो अन्य कार्यवाहियों के अतिरिक्त चिकित्सालय/विश्वविद्यालय प्रशासन को अनुबन्ध निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
8. यह कि मैं/हम सम्भावित निविदादाताओं को धमकाने, उन्हें निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने की कार्यवाही नहीं करूँगा/करूँगी। यदि ऐसा पाया जाता है तो अन्य कार्यवाहीयों के अतिरिक्त चिकित्सालय/विश्वविद्यालय प्रशासन को निविदा/अनुबन्ध निरस्त करने का अधिकार होगा।
9. यह कि मैंने/हमने कोई भी सुसंगत तथ्य नहीं छिपाया गया है। अनुबन्ध के उपरान्त दिये गये आदेशों/कार्यों का मैं/हम निष्ठापूर्वक सम्पादन करूँगा/करूँगी।
10. यह कि मेरे/हमारे द्वारा निविदा में प्रस्तुत अभिलेख पूर्णतया सही है तथा निविदा की सभी निर्धारित शर्तें मुझे/हमें मान्य हैं जिनका मेरे/हमारे द्वारा शतप्रतिशत पालन किया जायेगा। यदि प्रस्तुत अभिलेख अथवा तथ्य गलत पाया जाता है तो अन्य कार्यवाहियों के अतिरिक्त चिकित्सालय/विश्वविद्यालय प्रशासन को निविदा/अनुबन्ध निरस्त करने का अधिकार होगा।
11. यह कि उपरोक्त बिन्दु सं0– 1 से 10 तक समस्त कथन मेरे/हमारी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यदि इस शपथ पत्र में उल्लिखित कोई भी जानकारी गलत पायी जाती है तो मेरी/हमारी जमा जमानत धनराशि को जब्त करते हुए अनुबन्ध निरस्त कर दिया जाये इसमें मुझे कोई आपत्ति न होगी, यह मैंने/हमने बिना किसी दबाव के अपने पूर्ण होशोहवास में व्यक्त किये हैं।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
नाम एवं पद सहित मुहर